





## एक नजर में

### केदारनाथ मंदिर की तर्ज पर बने पांडाल में विराजेंगे 11 फीट के बाहुबली गणपति बप्पा




**कसरावद, निप्र।** नगर में इस वर्ष गणेश उत्सव पर्व की तैयारियां जोरों पर हैं। नगर पंचायत के ठीक सामने स्थित परिसर में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में गणेशोत्सव बड़े धूमधाम और सामाजिक-धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर केदारनाथ मंदिर की तर्ज पर बने पांडाल में 11 फीट ऊँचे बाहुबली गणपति बप्पा की भव्य प्रतिमा विराजित की जाएगी।

गणेश उत्सव आयोजन को लेकर सकल हिंदू समाज संगठन का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अंशुल पाटीदार अध्यक्ष चुने गए, वहीं अभय वर्मा, निकेश कुशवाह व विजय वर्मा उपाध्यक्ष, मीत पाटीदार मंत्री, राज कुशवाह सह मंत्री, निखिल साँवले व नीलेश पटेल सचिव, महेश एमडी, भावेश पाटीदार व आयुष पटेल संयोजक, तथा गगन यादव मीडिया प्रभारी बनाए गए, पूरे आयोजन में मार्गदर्शक की भूमिका सुमित पाटीदार, प्रियेश सोनी, लल्ली काका पाटीदार और अर्जुन भाऊ पाटिल निभाएंगे। समिति के सदस्यों ने बताया कि गणेश स्थापना से लेकर अनंत चतुर्दशी तक प्रतिदिन धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। अनंत चतुर्दशी पर भव्य झांकियों के साथ विशाल चल समारोह निकाला जाएगा।

### सुविधा सम्पन्न लोग गांव स्तर पर सुविधा विहिन लोगों के लिए काम करें



**भीकनगांव, निप्र।** म,प्र,अनु,जाति जनजाति कर्मचारी संगठन (अजाक्स )द्वारा भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष माननीय श्री जे एन कांसोटिया अपर मुख्य सचिव म प्र शासन ने अपने विचार रखते हुए कहा कि सुविधा सम्पन्न लोग व शासकीय कर्मचारी अधिकारी गांव स्तर पर सुविधा विहीन लोगों के लिए प्राथमिक स्तर पर कार्य करें । इस अवसर पर प्रदेश भर में अजाक्स संगठन द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों,करियर गाइडेंस, नि:शुल्क कोचिंग सेंटर तथा अजाक्स बचत सहकारी साख संस्था, डिक्की,एवं छात्र छात्राओं के रोजगार के अवसर संवैधानिक विशेष अधिकार, शिक्षा,आदि गतिविधियों को समर्पित अजाक्स संदेश पत्रिका का विमोचन किया गया। जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी अजाक्स के प्रदेश पदाधिकारी आदि के विचार संदेश पत्रिका में प्रकाशित हुए है ।समस्त जिलों में जिला अध्यक्ष की गतिविधि, छात्र छात्राओं के लिए कु प्रियंका जाटव प्रदेश भर में छात्र छात्राओं को संगठित करने, पर मंच से सम्मानित किया गया ।अजाक्स जनपद,जिला पंचायत स्तर प

### शक्तावत का निधन



**भीकनगांव, निप्र।** सिंचाई विभाग भीकनगांव के सेवानिवृत्त उप यंत्री श्री लोकेंद्र पाल सिंह शक्तावत का आज 72 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है उनकी अंतिम यात्रा कल सुबह 10 बजे उनके निज निवास हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से निकाली जाएगी।

### अंतरराष्ट्रीय मानवता दिवस पर छात्र छात्राओं ने चित्रकला से मानवता का संदेश दिया



**भीकनगाव, निप्र।** म,प्र, राज्य आनंद संस्थान द्वारा जिले के भीकनगाव वि,खंड की शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल नवलपुरा सिराली में जिला प्रशासन नोडल अधिकारी आर एन शर्मा के निर्देश अनुसार आनंद क्लब सदस्यों के सहयोग से कक्षा नौवीं से बारहवीं के छात्र छात्राओं और गांव के युवा तथा शिक्षक शिक्षिकाओं के बीच संगोष्ठी आयोजित की गई। जिला समन्वयक के बी मंसारे ने बताया कि जीवन में हमें मानव और मानव के साथ ही पृकति, पेड़, पौधे,पशु पक्षियों,जल,वायु, नदियां, पहाड़ आदि के सम्मान का भाव तथा सभी की सुरक्षा हम सभी को करना है। कमजोर वर्गों का शोषण नही हो ।आपदा मुसीबत में लोगों की मदद ही मानवता इंसानियत है ।छात्र छात्राओं ने विचार रखे कि हम आपस मे सभी मित्रों को एक दूसरे की मदद से अच्छा लगता है ड्राइंग शीट पर चित्रकला से संदेश दिया।।आनंद संस्थान की गतिविधियों को समझा ।इस अवसर पर शिक्षक राजेन्द्र सिंह मेहता, ज्योति मेहर,अर्जुन बागवान,गिरिराज कछवाहे,संजय,दिपक शिवकन्या, रविन्द्र, राहुल हिरवे, उपस्थित रहे।

### भीम जन्मभूमि तिरंगा यात्रा निकाली

**महेश्वर, निप्र।** भीम जन्मभूमि तिरंगा यात्रा मंडलेश्वर से बाबा साहेब अम्बेडकर जन्मस्थली महू निकाली गई! यात्रा ग्राम ठनगाँव व समराज से डी. जे के साथ प्रारम्भ की गई जो मंडलेश्वर अम्बेडकर भवन में एकत्रित हुए जहाँ सभी को वरिष्ठ समाज सेवी सीताराम मकवाने, एन आर चाकरे, एस एल वासुरे आदि के द्वारा पोहा जलेबी का नास्ता कराया गया इसके पश्चात मंडलेश्वर नगर भ्रमण कर डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा पर बलाई समाज के वरिष्ठ जनों के द्वारा माल्यार्पण कर आगे प्रस्थान किया गया! यात्रा का महू में समापन किया गया जहाँ यात्रा के संयोजक बलाई समाज के जिलाध्यक्ष रविन्द्र खाण्डेकर ने बताया की भीम जन्मभूमि तिरंगा यात्रा युवाओं के साथ मिलकर पिछले चार वर्षो से निकालते आ रहे है ।

# जनसुनवाई में 52 आवेदकों की सुनी समस्याएं



**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 19 अगस्त को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह, अपर कलेक्टर रेखा राठौर एवं संयुक्त कलेक्टर हेमलता सोलंकी ने अन्य अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 52 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर आए थे ।जनसुनवाई में कान्हा पिता कालिदास यादव ने क्रांतिसूर्या टंट्या भील विश्वविद्यालय में प्रवेश नहीं मिलने पर जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत कर समस्या बताई। छात्र कान्हा का कहना है कि आय प्रमाण पत्र संलग्न न होने के कारण उसे विश्वविद्यालय द्वारा सामान्य वर्ग में सम्मिलित कर दिया गया। जिसके कारण विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रवेश सूची में उसका नाम नहीं आया। छात्र कान्हा ने इस समस्या का उचित समाधान करने और प्रवेश दिलाने की मांग की है ।जनसुनवाई में कसरावद तहसील की अमलाथा निवासी 67 वर्षीय नीलाबाई पति नत्थूसिंह वृद्धावस्था पेंशन न मिलने की शिकायत लेकर आयी थी।

#### आवास योजना का लाभ नहीं मिला

खरगोन जिले की कसरावद तहसील अंतर्गत ग्राम पीपलगोन निवासी सरोज पति स्व. जगदीश जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत लेकर आयी थी। सरोज बाई का कहना है कि पंचायत द्वारा फोटो खींचकर उनका नाम सूची में जोड़ लिया गया था, इसके बावजूद आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। सरोज बाई अपने दो बच्चों के साथ कच्चे मकान में रह रही हैं, जहां बरसात के दिनों में पानी टपकने से रहना और भी मुश्किल हो जाता है। उनका कहना है कि पति का देहांत हो चुका है ।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय मंडलेश्वर में कार्यशाला आयोजित की



**मंडलेश्वर, निप्र।** सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय मंडलेश्वर परिसर में विद्यार्थियों में 'उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना विकास हेतु कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय संचालक बीएम पाटीदार और अकादमिक संचालक संजय गर्ग के द्वारा किया गया। कार्यक्रम संयोजक हरिवल्लभ शास्त्री ने भारत सरकार की विशेष पहल और मध्यप्रदेश सरकार के निर्देश पर भारतीय ज्ञान परंपरा गतिविधियों के अंतर्गत वसुधैव कुटुंबकम् की भारतीय अवधारणा को संचारित करने के उद्देश्य से प्रायोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिवपालसिंह पटेल द्वारा किया गया और अपने उद्बोधन में भारतीय वैदिक संस्कृति और सभ्यता की उदार भावना को समझने के लिए हमें अपने शास्त्रों में निहित ज्ञान को अनुकरण करना होगा। संपूर्ण विश्व को एक परिवार मानने के लिए उदारचित्त होना आवश्यक है ।कार्यक्रम में बीकॉम तृतीय वर्ष के अभिषेक जायसवाल ने अपने भाषण में भारत में विश्व के कठिन समय कोरोना काल में पूरे विश्व को वेस्किनेशन के वैक्सीन मुफ्त में उपलब्ध करवा कर अपनी शुभ विश्व को परिवार मानने की भावना से परिचित कराया दिया। बीसीए तृतीय वर्ष की छात्रा खुशी ठाकुर ने मधुर लोक गीत के माध्यम से विषय को सुरों में बांधकर सभी की तालियां बटोरी। बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा नंदनी वर्मा ने भी अपने विचार सभी के समक्ष रखें ।बीबीए प्रथम वर्ष की छात्रा वैष्णवी पटेल ने बहुत सुंदर पोस्टर से वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को पेपर पर अपने हाथों से उकेरा। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में सभी विद्यार्थियों के साथ शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे।



### देजला देवड़ा बांध पर चली चादर

**बिस्टान निप्र।** सोमवार सुबह 7:00 बजे से हुई । नगर सहित आसपास के इलाकों में 1 घंटे से ज्यादा समय तक तेज बारिश होने से नदी नालों में बाढ़ के हालात बने । पहाड़ी नदी कुंदा में भी बाढ़ का पानी आया दो दिन से लगातार मुसला धार बारिश हो रही है। रविवार रात भी तेज बारिश हुई सोमवार दोपहर बाद देजला देवड़ा बांध पूरी तरह भर गया । पानी स्पिल के ऊपर से बहने लगा । यह दृश्य देखकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे । उमरखली उफनती कुंदा नदी का विहंगम खूबसूरत नजारा ।

## भातुड़ के ग्रामीणों ने की मूलभूत सुविधाओं की मांग



**नवभारत न्यूज**

**खरगोन।** भगवानपुरा जनपद के ग्राम भातुड के ग्रामीणों ने नाली, सड़क सहित आंगनवाड़ी शेड निर्माण कार्य जैसी मूलभूत सुविधाओं एवं शासन की योजनाओं का लाभ दिलाए जाने की मांग को लेकर एकजुटता दिखाई है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे विजय गोलकर, संजू, राहुल, सावन आदि ने कलेक्टर के नाम सौंपे मांगपत्र में बताया कि गांव में नाली निर्माण नही होने से घरों से निकलने वाला गंदा पानी रास्ते पर बहता है, जिससे बारिश सहित आम दिनों में भी मार्ग पर गंदगी पसरी रहती है। गांव में आज भी कच्चे रास्ते है, खरंजा निर्माण की मांग लंबे समय से कर रहे है लेकिन अब तक खरंजा निर्माण नही हुआ है। नतीजतन बारिश के दिनों में गांव की गलियां किचड़ से सराबोर है। पीएम आवास योजना का लाभ भी ग्रामीणों को नही दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने पंचायतकर्मियों पर उदासीनता बरतने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।



### नाबालिग बच्चों को परिचित और रिश्तेदारों से ही अधिक खतरा होता है : न्यायाधीश

**नवभारत न्यूज**

**मंडलेश्वर, निप्र।** अनजान व्यक्ति से छोटे बच्चों को उतना खतरा नहीं होता है जितना परिचित और रिश्तेदारों से होता है ।आम तौर पर बच्चे अपनो के साथ निडर और बेपरवाह होते है उन्हें डर नहीं लगता है लेकिन अधिकतर मामलों में बच्चों का यौन शोषण करने वाले उनके परिचित पारिवारिक मित्र या रिश्तेदार ही होते है ।यह बात जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश श्री अखिलेश जोशी के निर्देश पर सचिव एवं वरिष्ठ खंड न्यायाधीश सुश्री प्रीति जैन ने सरदार पटेल इंटर नेशनल स्कूल मंडलेश्वर और श्रीउमिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडलेश्वर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में कही ।आपने पॉक्सो एक्ट की जानकारी देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में सुनवाई बंद कमरे में की जाती है साथ ही पीड़ित की पहचान भी उजागर नहीं की जाती है ।आपने सायबर क्राइम और मोटर व्हीकल एक्ट की भी जानकारी दी ।एल ए डी सी एस असिस्टेंट सुश्री निशा कौशल ने विधिक सेवा की जानकारी दी ।इस अवसर पर सरदार पटेल स्कूल में प्राचार्य भावना पाटीदार सीनियर कॉर्डिनेटर आशीष गुप्ता ने स्वागत किया आभार डायरेक्टर शंकर पाटीदार ने माना कार्यक्रम का संचालन ईशा पवार ने किया ।उप प्राचार्य दीपक खेड़े महेश पाटीदार विवेक कड़ोले सहित शिक्षक स्टाफ उपस्थित रहा उमिया स्कूल में प्राचार्य अनिल कड़ोले ने स्वागत किया आभार डायरेक्टर किशनलाल पाटीदार ने माना ।पी एल वी जोजू मुरियाडन और दुर्गेश राजदीप ने शिविर में सहभागिता की।

### आवारा कुत्तों को पकड़ने नगर परिषद करेगी मुहिम शुरू

**कसरावद, निप्र।** मंगलवार को प्रभारी पशु चिकित्सक डॉक्टर दिनेश वर्मा एवं डॉक्टर आशिक खान ने नवभारत संवाददाता को बताया कि हिंसक एवं आवारा कुत्तों का प्रजनन कॉल चल रहा है जिसमें कुत्ता प्रजाति में अतिरिक्त हार्मोन उत्पन्न होने के कारण कुत्तों में आक्रमण की प्रवृत्ति बढ़ जाती है डॉक्टर वर्मा के अनुसार अब कुत्तों को सार्वजनिक रूप से भोजन का प्राकृतिक अभाव भी इनकी आक्रमण ता का कारण हो सकता है वही नगर परिषद सीएमओ कमलेश गो ले ने कहा कि लगभग 40000 वर्ष पहले कुत्ते भेड़िए के रूप में थे भेड़िए के दांत पहले नुकीले एवं बड़े हुआ करते थे अब उन दांतों का आकार छोटा हो गया है एवं भेड़िए का आकार कुत्ते जैसा हो गया है आज वही भेड़िए कुत्तों के रूप में है सीएमओ ने बताया कि कुछ वर्ष से पहले घर के लोग बची रोटी कुत्तों को देते थे शहर एवं नगरों में सूखा गीला कचरा वाहन होने के कारण हर घर से कचरा वाहन में डाल देते हैं इस वजह से भोजन का प्राकृतिक अभाव भी इनका आक्रमनता काकारण हो गया है कुत्ता पकड़ कीकरवाई दिन के बजाय रात में होनी चाहिए दिन में कुत्ता पकड़ के कार्रवाई करते हैं तो नगर में भगदड़ की स्थिति बन सकती है नगर में चर्चा है कि बाहर के लोगों द्वारा हिंसक कुत्तों को छोड़ा गया है कुछ दिन पहले पार्षद प्रतिनिधि प्रदीप सोलंकी पर जानलेवा हमला हो चुका है।



### एक पेड़ मां मॉ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधा रोपण कार्यक्रम

**भीकनगांव, निप्र।** जननायक टंट्या मामा शासकीय महाविद्यालय भीकनगांव में पर्यावरण संयोजन एवं समन्वयन संगठन भोपाल के दिशा निर्देशानुसार इको क्लब द्वारा प्राचार्य लक्ष्मण डावर के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत प्रेरणादाई वृक्षारोपण दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के कैम्पस में अलग-अलग भवन में तथा कॉरिडोर में वृक्षारोपण किया गया ।

पर्यावरण संतुलन एवं पारिस्थितिक समृद्धि को ध्यान में रखते हुए आम,जामुन,सीताफल, सेंजन जैसे फलदार एवं छायादार पौधों एवं पाम,अशोक ,विद्या आदि सुन्दर पौधों सहित कुल 130 पौधों का रोपण किया गया। इस विशेष अवसर पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष हरीश शर्मा, पंकज शर्मा अन्य सदस्य, इको क्लब प्रभारी डॉ. दीपा शर्मा, एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी सुरेश डोडवे एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी तथा स्टॉफ सम्मिलित हुए।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व . वर्मा को दी श्रद्धांजलि



**नवभारत न्यूज**

**खरगोन।** भारतीय सेन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर वर्मा के निधन पर सेन समाज श्रद्धांजलि सभा आयोजित की।

जिला अध्यक्ष देवनारायण सेन, नगर अध्यक्ष दिनेश सेन आदि ने कहा कि स्व. वर्मा जी का जीवन समाज सेवा एवं संगठन के प्रति समर्पण का अद्वितीय उदाहरण रहा है। समाज में उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। इस दौरान चन्द्रशेखर सेन, सुरेश नगदोई, परसराम सेन, भगवान सेन, महेश सेन, पंकज सेन आदि ने स्व. वर्मा के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

**एक नजर में** | **पर्यावरण संतुलन रहे शेष.. आओ बनाए मिट्टी के गणेश**

# 150 से अधिक बच्चों ने एक दिवसीय वर्कशॉप में भाग लिया



**नवभारत न्यूज**

**कसरावद, निप्र। श्री निमाड़ पाटीदार एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित स्थानीय सीबीएसई विद्यालय पैरामाउंट एकेडमी कसरावद में गणेश जी के आगमन के पूर्व गणेश जी मूर्ति बनाने के लिए एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया।**

जिसमें मुख्य अतिथि अनिलोप की महिला शाखा की अध्यक्ष और प्रसिद्ध मूर्तिकार श्रीमती रजनी गिरीश उपाध्याय उपस्थित रही ।श्रीमती रजनी गिरीश उपाध्याय ने बहुत ही सरल तरीके से बच्चों को गणेश जी बनाना सिखाया। अतिथि महोदया ने बताया कि पर्यावरण संतुलन के लिए जनजागृति अति आवश्यक है। पीओपी के गणेश जी की मूर्तियों में आइल पेंट का उपयोग होता है और उनमे हानिकारक धातुओं मरक्यूरी एवं लेड आदि का प्रयोग होता है जो विसर्जन के पश्चात जलीय जीव जंतुओं के साथ - साथ मनुष्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है और इसलिए प्लास्टर आफ पेरिस के गणेश जी के बजाय हम सभी आने वाले गणेश उत्सव में मिट्टी के भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना का प्रण करें।

#### स्मृति चिन्ह भेंट स्वरूप दिया

इस वर्कशॉप में विद्यालय के करीब 150 से अधिक बच्चों ने प्रभारी शिक्षिका रेखा सेन के मार्ग दर्शन में मिट्टी के गणेश बनाए। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य डॉ अखिलेश पाटीदार के द्वारा किया गया। साथ ही प्राचार्य महोदय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को साथ मिलकर प्रयास करना होगा । अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी कॉर्डिनेटर्स ने अतिथि महोदया को धन्यवाद देते हुए स्मृति चिह्न भेंट स्वरूप दिया।